# चावल का प्रत्यक्ष बीजारोपण

**प्रलिम्सि के लयि:**

चावल का प्रत्यक्ष बीजारोपण (डीएसआर), पानी की कमी, भूजल।

**मेन्स के लयि:**

चावल की प्रत्यक्ष बीजारोपण वधिकि लाभ और मुद्दे।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में पंजाब राज्य जल बचत वधि(चावल का प्रत्यक्ष बीजारोपण) में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में असफल रहा।

## चावल का प्रत्यक्ष बीजारोपण (DSR):

- चावल का प्रत्यक्ष बीजारोपण (DSR) जसि **'बीज बखिरना तकनीक (Broadcasting Seed Technique)'** के रूप में भी जाना जाता है, **धान की बुवाई की एक जल बचत वधि है।**
- इस वधि में **बीजों को सीधे खेतों में बुवाई की जाती है। नर्सरी से जलभराव वाले खेतों में धान की रोपाई की पारंपरकि जल-गहन वधि के वपिरीत यह वधि भूजल की बचत करती है।**
- इस पद्धति में कोई नर्सरी तैयारी या प्रत्यारोपण शामलि नहीं है।
- कसिानों को केवल अपनी ज़मीन को समतल करना होता है और बुवाई से पहले सचिाई करनी होती है।

## DSR के लाभ:

- **कम श्रमकिों की आवश्यकता:**
  - DSR **श्रम की कमी की समस्या को हल कर सकता** है क्योंकि पारंपरकि पद्धति की तरह इसमें धान की नर्सरी की आवश्यकता नहीं होती है और 30 दनि पुरानी धान की नर्सरी का रोपण खेत में कयिा जा सकता है।
- **भूजल के लयि मार्ग:**
  - यह भूजल पुनर्भरण के लयि मार्ग प्रदान करता है क्योंकि **यह मृदा की परत के नीचे कठोर परत के वकिास को रोकता है,** जैसा कि पोखर प्रत्यारोपण वधि में होता है।
    - यह पोखर प्रतरिोपति फसल की तुलना में 7-10 दनि पहले पक जाती है, इसलयि धान की पराली के प्रबंधन के लयि अधकि समय मलि जाता है।
- **उपज में वृद्धि:**
  - अनुसंधान परीक्षणों और कसिानों के क्षेत्र सर्वेक्षण के परणिामों के अनुसार, इस तकनीक से प्रति एकड़ एक से दो क्वटिल अधकि पैदावार हो रही है।

## DSR से संबंधति प्रमुख चुनौतियाँ:

- चरम जलवायु:
  - **उच्च तापमान और कम वर्षा मुख्य रूप से इसके लयि ज़मि्मेदार हैं।**
  - कुछ दनिों पहले तापमान 47-48 डग्िरी सेल्सयिस के बीच था, जबकि इस अवधि के लयि आदर्श तापमान 42-43 डग्िरी सेल्सयिस है।
  - **DSR को लेकर कसिानों में अनश्चितिता की स्थति देखी गई** क्योंकि हीटवेव के कारण उनकी गेहूँ की फसल पहले ही नष्ट हो चुकी थी।
- **कसिानों में अनचि्छा:**
  - अच्छी कस्मि के खरपतवार (Weeds) उपलब्ध कराने में सरकार से समर्थन की कमी और DSR की बुवाई के मौसम के दौरान **नरि्बाध बजिली की आपूर्ति न होने के कारण इलेक्ट्रकि मोटर का उपयोग कर खेत की सचिाई करना कसिानों के लयि बहुत मुश्कलि काम**

है।

- **शासन के मुद्दे:**
    - जून के मध्य में शुरू होने वाले पोखर सीजन हेतु पंजाब सरकार की निर्बाध बिजली आपूर्ति DSR के लिये फायदेमंद नहीं है क्योंकि इसकी **बुवाई का मौसम मई की शुरुआत से मध्य जून के बीच** होता है और इसलिये यह पारंपरिक पद्धति के लिये फायदेमंद है।
- **अन्य:**
    - इसमें बंद **नहरें, सिंचाई हेतु नलकूपों** के संचालन के लिये अनियमित **बिजली की आपूर्ति, खरपतवार और चूहों के मुद्दे** शामिल हैं।
    - मई के दौरान पंजाब राज्य के कई हिस्सों में **कम बारिश होने के कारण पानी की उपलब्धता भी** एक चुनौती थी।

## आगे की राह

- सरकार द्वारा उचित प्रतिक्रिया और **शिकायत निवारण कार्यक्रम प्रदान करना** समय की मांग है।
- सरकार द्वारा वितरित खरपतवारनाशी की खराब गुणवत्ता के कारण DSR में फसल की कटाई को बढ़ाने के लिये **खरपतवार प्रबंधन की आवश्यकता** है।
- **DSR पद्धति को बढ़ावा देने** के लिये प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और **नवीन समाधानों पर काम** करना, क्योंकि इसमें पारंपरिक पद्धति की तुलना में कम पानी की आवश्यकता होती है, जो इस क्षेत्र में पानी के दबाव से निपटने में भी मदद कर सकता है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न:

**प्रश्न. कृषि में शून्य जुताई का/के क्या लाभ है/हैं? (2020)**

1. पिछली फसलों के अवशेषों को जलाए बिना गेहूँ की बुवाई संभव है।
2. धान के पौधों की नर्सरी की आवश्यकता के बिना गीली मिट्टी में धान के बीज की सीधी बुवाई संभव है।
3. मिट्टी में कार्बन पृथक्करण संभव है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

- शून्य जुताई (ज़ीरो टिलेज) वह प्रक्रिया है जहाँ बीज को बिना पूर्व तैयारी और बिना मिट्टी तैयार किये तथा जहाँ पिछली फसल के बुलबुले (स्टबल) मौजूद होते हैं, वहां ड्रिलर्स के माध्यम से बोया जाता है। एक अध्ययन के अनुसार, यदि किसान अपने फसल अवशेषों को जलाना बंद कर दें तथा इसके बजाय शून्य जुताई खेती की अवधारणा को अपनाएँ तो उत्तर भारत में किसान न केवल वायु प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकते हैं, बल्कि अपनी मृदा की उत्पादकता में भी सुधार कर सकते हैं और अधिक लाभ कमा सकते हैं। ज़ीरो टिलेज के तहत बिना जुताई वाली मिट्टी में गेहूँ की सीधी बुवाई और चावल के अवशेषों को छोड़ देना बहुत फायदेमंद साबित हुआ है। इसने जल, श्रम व कृषि रसायनों के उपयोग में कमी, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी और मृदा के स्वास्थ्य एवं फसल की उपज में सुधार किया, इस तरह किसानों तथा समाज दोनों को बड़े पैमाने पर लाभ हुआ **अत: कथन 1 सही है।**
- चावल का प्रत्यक्ष बीजारोपण (DSR) जिसे 'बीज बिखेरना तकनीक (Broadcasting Seed Technique)' के रूप में भी जाना जाता है, धान की बुवाई की एक जल बचत विधि है। इस विधि में बीजों को सीधे खेतों में ड्रिल किया जाता है। नर्सरी से जलभराव वाले खेतों में धान की रोपाई की पारंपरिक जल-गहन विधि के विपरीत यह विधि भूजल की बचत करती है। इस पद्धति में कोई नर्सरी तैयारी या प्रत्यारोपण शामिल नहीं है।
- किसानों को केवल अपनी ज़मीन को समतल करना होता है और बुवाई से पहले सिंचाई करनी होती है। यह पाया गया है कि 1 किलो धान के उत्पादन के लिये 5000 लीटर तक पानी का उपयोग किया जाता है। हालाँकि पानी की बढ़ती कमी की स्थिति में न्यूनतम या शून्य जुताई के साथ DSR श्रम की बचत कर इस तकनीक के लाभों को और बढ़ाया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- बिना जुताई वाली मृदा, जुताई वाली मृदा से आंशिक रूप में ठंडी होती है क्योंकि पौधे के अवशेषों की एक परत सतह पर मौजूद होती है। मिट्टी में कार्बन जमा हो जाता है तथा इसकी गुणवत्ता में वृद्धि होती है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग का खतरा कम होता है।**अत: कथन 3 सही है। इसलिये विकल्प (d) सही उत्तर है।**

## स्रोत: डाउन टू अर्थ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/direct-seeded-rice